भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4296

जिसका उत्तर 19.03.2020 को दिया जाना है

अलीगढ़-आगरा एनएच-509 का चौड़ीकरण

4296. श्री राजवीर दिलेरः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अलीगढ़ से आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग-509 के टेढ़े-मेढ़े होने के कारण इस सड़क पर सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सरकार का इस सड़क को डिवाइडर सहित चार लेन में चौड़ीकरण का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो उक्त सड़क पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) राष्ट्रीय राजमार्ग 509 के आगरा से अलीगढ़ खंड का चार लेन का बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु कार्य आरंभ कर दिया गया है। विभिन्न स्कीमों के तहत सड़क खंडों का विकास यातायात घनत्व, उन्नयन की आवश्यकताओं, लेन संरेखण (अर्थात 2-लेन/4-लेन/6-लेन आदि), मार्गाधिकार निर्धारण, परियोजना व्यवहार्यता, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के उचित विचार से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/व्यवहार्यता अध्यन के परिणाम के आधार पर संरेखण, लागत प्राक्कलन, भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता आदि को अंतिम रूप दिए जाने के बाद आरंभ किया जाता है। इन सड़क खंडों पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जैसे रोड साइनेज/ मार्किंग आदि आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

******